दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 162
मुरादाबाद
(Friday)
03 October 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

असत्य पर सत्य की विजय पर धु धु कर जला रावण

पीएम और राष्ट्रपति ने राजघाट पर बापू को दी श्रद्धांजलि, दिया संदेश

पीएम मोदी बोले- RSS प्रमुख का भाषण प्रेरणादायक, भारत की क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की बात कही

स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के भाषण की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस भाषण में भारत की अंतर्निहित क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की बात कही गई है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, %परम पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी का प्रेरणादायक भाषण, जिसमें आरएसएस के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला गया और हमारी धरती की अंतर्निहित क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया, जिससे पूरी पृथ्वी को लाभ मिलेगा।% मोदी 1980 के दशक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से पहले आरएसएस प्रचारक थे।आरएसएस प्रमुख ने अपने भाषण में क्या कहा? गुरुवार को नागपुर में अपने भाषण में आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज की ताकत और चरित्र एकता की गारंटी देते हैं और समुदाय में %हम और वे% की अवधारणा कभी मौजूद नहीं रही। उन्होंने स्वदेशी (उत्पादों का उपयोग) और स्वावलंबन (आत्मनिर्भरता) का समर्थन किया और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद अन्य देशों की प्रतिक्रियाओं ने उनकी भारत के साथ मित्रता की प्रकृति और सीमा को बता दिया है। आरएसएस की स्थापना 1925 में विजयदशमी के दिन ही हुई थी और यह अपने शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा है। आरएसएस कुछ लोगों के साथ शुरू हुआ था। लेकिन अब यह देश का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बन चुका है। भाजपा वैचारिक रूप से इस हिंदुत्ववादी संगठन से प्रेरित है।आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत तमाम नेता राजघाट पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी प्रतिमा को नमन किया और पुष्प अर्पित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा को बदल दिया और आज भी भारत के विकास की दिशा तय कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि गांधीजी ने दिखाया कि साहस और सादगी बड़े बदलाव के उपकरण बन सकते हैं। उन्होंने सेवा और करुणा की शक्ति में विश्वास रखा, जो लोगों को सशक्त बनाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा, गांधी जयंती प्यारे बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास का मार्ग बदल दिया। उन्होंने दिखाया कि साहस और सादगी कैसे बड़े बदलाव ला सकते हैं। वह सेवा और करुणा को लोगों को सशक्त बनाने के जरूरी माध्यम मानते थे। हम उनका रास्ता अपनाकर विकसित भारत के निर्माण की ओर बढ़ेंगे। दो अक्तूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे मोहनदास करमचंद गांधी अहिंसा और सत्याग्रह के प्रवर्तक थे। उनके विचारों ने लाखों भारतीयों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। 30 जनवरी 1948 को नई दिल्ली में गांधी स्मृति स्थल पर नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। भारत की स्वतंत्रता के कुछ महीने बाद यह घटना हुई। उनका जीवन और बलिदान दुनियाभर में शांति और मानव गरिमा का प्रतीक बना हुआ है। सशक्त व समृद्ध भारत का निर्माण कर गांधी के सपनों को साकार करेंगे- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले गांधी जयंती के मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, गांधी जयंती हम सभी के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों और जीवन मूल्यों के प्रति स्वयं को पुनः समर्पित करने का अवसर है। गांधीजी ने विश्व को शांति, सहिष्णुता और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। वह आजीवन अस्पृश्यता, निरक्षरता, नशाखोरी और अन्य सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प से समाज के कमजोर से कमजोर व्यक्ति को संबल और शक्ति प्रदान की।राष्ट्रपति ने कहा, नैतिकता और सदाचार में उनका अटूट विश्वास था जिसका उन्होंने आजीवन पालन किया और जन समुदाय को भी उस मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। एक स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और शिक्षित भारत के निर्माण के लिए उन्होंने चरखा चलाकर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। अपने आचरण एवं उपदेशों के माध्यम से वे सदैव श्रम की गरिमा को प्रतिष्ठित करते रहे। उनके जीवन-मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं और भविष्य में भी बने रहेंगे। आइए, गांधी जयंती के इस शुभ अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र के कल्याण और प्रगति के लिए समर्पित रहेंगे और एक स्वच्छ, समर्थ, सशक्त व समृद्ध भारत का निर्माण करके गांधी जी के सपनों को साकार करेंगे। दशहरा पर्व आज पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व पर 10 बुराइयों को खात्मे का संकल्प लेना होगा, तभी बदलाव आएगा। दशहरे पर बुराई के प्रतीक रावण का दहन तो हो जाएगा मगर समाज में फैली असली बुराई कब खत्म होगी। इसके लिए किसी एक को नहीं बल्कि सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा। लोगों को पहल करनी होगी तो संबंधित विभागीय अफसर भी उसे अमल में लाएं। इसके बाद ही बुराई का खात्मा हो सकेगा। मिलावटी खाद्य, नकली दवाओं से जान का खतरा- मिलावटी दूध, घी, खोआ और नकली दवाएं। ये बाजार में खूब बिक रही हैं। हाल ही में पांच फर्म की 71 करोड़ की नकली दवाएं जब्त की गईं। दूध, पनीर, घी, तेल समेत 70 फीसदी जांच में नमूने फेल मिले। बीमारियां बढ़ने के साथ ही जान का भी खतरा है। इतना ही नहीं कपड़े, जूते, ऑटोपार्ट्स, मोबिल ऑयल समेत अन्य जरूरत के सामान भी नकली मिले हैं। इस बुराई के खात्मे से सेहत सुधरेगी। लोग आर्थिक नुकसान से भी बचेंगे।अहंकार का प्रमाण। नियमों का उल्लंघन। घर के गेट, रास्ते, सड़क से लेकर बाजार में व्यापार तक, हर जगह अतिक्रमण। पार्क, तालाब, खेल के मैदान से लेकर आम रास्ते तक अतिक्रमण से मुक्ति चाहते हैं। पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभाग इसे बुराई का जन सहयोग से अंत कर सकता है। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की बुराई- विकास का पर्याय माने जानी वाली सड़कें सुरक्षित नहीं। वजह भ्रष्टाचार। इसके अलावा कहीं इंजीनियरिंग की खामियां, तो कहीं साइनेज नहीं। सड़क निर्माण की घटिया गुणवत्ता से सफर जोखिम से भरा हो रहा है। गड्ढा मुक्ति के दावे भी हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। सुरक्षित सड़क के लिए भ्रष्टाचार की बुराई का अंत होना चाहिए। साइबर अपराध बना मुसीबत पहले चोर-लुटेरे सड़कों पर लूटते थे। मगर वर्तमान में साइबर अपराध अपने चरम पर है। पलभर में जमा पूंजी में सेंध लग जाती है। आरोपी भी पकड़े जाते हैं। मगर पीड़ितों की गई रकम बमुश्किल वापस मिल पाती है। सबसे पहले इस अपराध पर रोक लगना जरूरी है। लोग भी जागरूक बनें, जिससे इन अपराधियों को ठगने का मौका नहीं मिले।

संक्षिप्त समाचार

मोहन भागवत का संबोधनः पहलगाम हमला, टैरिफ...पड़ोस की उथल-पुथल से लेकर हिंदू राष्ट्र तक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का शताब्दी समारोह और विजयादशमी उत्सव का आयोजन नागपुर में हुआ। समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के 100 साल पूरा होने पर नागपुर में विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मोहन भागवत ने देश के लोगों से स्वदेशी की अपील की और पड़ोसी देशों में जारी उथल-पुथल का भी जिक्र किया। इसके साथ ही संघ प्रमुख ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। अपने संबोधन में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा यह वर्ष गुरु तेग बहादुर के बलिदान का 350वां वर्ष है। हिंद की चादर बनकर गुरु तेग बहादुर ने सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आज दो अक्टूबर है तो स्वर्गीय महात्मा गांधी की जयंती है अपने स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका योगदान अविस्मरणीय है। लेकिन स्वतंत्रता के बाद भारत कैसा हो उसके बारे में विचार देने वाले हमारे उस समय के दार्शनिक नेता थे उनमें उनका स्थान अग्रणीय हैं....जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण दिए ऐसे स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का आज जयंती है। भक्ति, देश सेवा के ये उत्तम उदाहरण हैं।

बरेली में जुमा को लेकर अलर्ट.. दो दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद;शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

बरेली में बीते शुक्रवार को हुए बवाल के बाद दो दिन तक इंटरनेट सेवा बंद रही थी। इसके बाद से हालात सामान्य हैं। हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर जुमा से पहले बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे से इंटरनेट सेवा फिर बंद कर दी गई है। बीएसएनएल के जीएम ने इसकी पुष्टि की है। बरेली जिले में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दशहरा और इसके बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए चौकसी और बढ़ा दी गई है। शहर के हालात देखते हुए दूसरे जिलों से आई पुलिस को चार अक्तूबर तक रोक लिया गया है। वहीं शासन के निर्देश पर जिले में इंटरनेट सेवा फिर बंद कर दी गई है। जारी आदेश में बताया गया है कि बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे से चार अक्तूबर यानी शनिवार को तीन बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। खबर फैलते ही

लोगों में मची खलबली - बृहस्पतिवार दोपहर में इंटरनेट बंद होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो लोग एक-दूसरे को आदेश की कॉपी भेजते रहे। दो दिन के लिए दोबारा इंटरनेट बंद होने से लोगों में खलबली मच गई। परिचितों से पता करते रहे। इस संबंध में बीएसएनएल के जीएम पंकज पोरवाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर दो दिन के लिए इंटरनेट सेवा को बंद किया गया है। इस दौरान एसएमएस भी नहीं कर सकेंगे। बता दें कि पिछले शुक्रवार को हुए बवाल के बाद जिले में दो दिन तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। दशहरा और जुमा पर पुलिस अलर्ट शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। आम दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल है। वहीं दशहरा और इसके बाद जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई है। पुलिस प्रशासन के अफसर लगातार भ्रमणशील हैं। एसपी साउथ अंशिका वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने बृहस्तपिवार को शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। एसपी साउथ ने बताया कि महिला एसओजी की वीरांगना यूनिट के साथ महिला क्यूआरटी की छह टीमें तैनात की गई हैं। प्रत्येक टीम में 30-35 कर्मी हैं। क्यूआरटी हर तरह की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। कंट्रोल रूम से भीड़ की गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है। जहां भी भीड़ जमा होती दिखेगी, अलर्ट जारी कर दिया जाएगा और संबंधित बल को तैनात कर दिया जाएगा।

लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा, कोलंबिया से मोदी सरकार पर राहुल गांधी का निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। दक्षिण अमेरिकी राज्य कोलंबिया में एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमले है। वर्तमान में इस पर हमला किया जा रहा है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटीमें इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।भारत की ताकत और चीन से फर्क- इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा, %भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते।

भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले।% %लोकतंत्र पर हमला सबसे बड़ा खतरा%- राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया तो देश में दरारें गहरी होंगी। ऊर्जा संक्रमण और वैश्विक शक्तियां - कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है। ब्रिटेन ने कोयला और स्टीम इंजन पर कब्जा किया और साम्राज्य बनाया। अमेरिका ने कोयले से पेट्रोल और इंटरनल कम्बशन इंजन की ओर बदलाव का नेतृत्व किया। अब दुनिया पेट्रोल से बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज असली मुकाबला अमेरिका और चीन के बीच इसी ट्रांजिशन को लेकर है और अभी तक चीन बढ़त बनाए हुए है। भारत इस टकराव के बीचों-बीच खड़ा है। भारत की क्षमता और चुनौतियां- राहुल गांधी ने कहा कि भारत की जनसंख्या चीन से भी ज्यादा है और उसकी विविधता उसकी ताकत है। भारत के पास प्राचीन आध्यात्मिक और वैचारिक परंपरा है, जो आज की दुनिया के लिए बहुत उपयोगी है। लेकिन भारत की सबसे बड़ी समस्या रोजगार सृजन है। उन्होंने कहा, %हमारी अर्थव्यवस्था सेवा-आधारित है, इस कारण हम पर्याप्त उत्पादन और नौकरियां नहीं दे पा रहे हैं। चीन ने बिना लोकतंत्र के उत्पादन दिखाया है। लेकिन भारत को उत्पादन का ऐसा मॉडल विकसित करना होगा, जो लोकतांत्रिक ढांचे में रहते हुए चीन से प्रतिस्पर्धा कर सके।

संपादकीय Editorial

After these three months

Three months of rain, the fear of passing away, and a pause haunted every moment in Himachal this time. While the state was beginning to return to normal, traders began preparing to clear their debts during the festive season, farmers held on to their shattered hopes for their farms, while laborers returned in search of daily wages. The cycle of life never ceases, but thorns in the path must be removed. The rainy season passed with us wondering what we had done to our plight. Three months saw many daggers, many barren lands, the collapse of development, and a sea of ??sighs. In such a situation, what roadmap does the three months of preparation, anticipating rain, require? The stalled construction machinery, the stagnant business environment, and the people's breathless breath now need the glimmers of faith that will fill the calendar with prosperity. Three months have destroyed many homes, many towns, and many laughters. Many vestiges of connectivity have been erased, and Manali's investment and tourism have been devastated. Three months have devastated Himachal's transportation sector and plunged tourist destinations into a deep uncertainty. Rains not only wash away sand and gravel, but also shatter hopes of work. In this context, standards for central projects have also been compromised. For example, if these fatal three months are subtracted from the deadline for Dharamshala Smart City projects, additional time will be needed to complete the work. Similarly, the water supply of almost every city will be urgently needed to recover from the devastation caused by the rains. Private investment in government contracts needs a reprieve. If a pillar of the Dharamshala Ropeway spends too long in inspection, the damage figures will beg for mercy. Many families displaced by weakened roofs or destroyed progress maps will need a permanent method of rehabilitation. The bottom line of all the relief applications and the sentiments of rescue is that the state will now have to absorb the anguish of three months in the rain of its own plans. Every state budget must find a character to counter the annual rains. If we want to keep schools on vacation, every home's windows open during a disaster, businesses in the market, and the breads being baked on every common man's stove safe, then these months must be protected. The state must anticipate the rains before the monsoons and ensure proper drainage. Instead of building dams on ravines, streams, and rivers, we must prepare for water flow. De-silting must be made a source of income and ensure adequate water storage before the monsoons, so that the Nurpur region's agriculture doesn't lose its vitality due to the flood gates being opened. Relief and rescue plans must be developed for every village, town, and city. Among the most important decisions, it's crucial to carefully steer the development chariot forward so that the Dharampur bus stand doesn't have to be destroyed again and again. Planning for Himachal now requires some restrictions and some contracts.

Inheritance disputes within family parties: When will they be curbed?

In fact, succession battles in family parties erupt when the party founder becomes weak and power slips from his grasp. Voters may follow Indian family traditions, but they only accept as their political successor the one the head of the political family declares as their successor. With assembly elections looming in Bihar, the Rashtriya Janata Dal (RJD) is currently going through a family crisis. Party founder Lalu Prasad Yadav is less active due to health reasons. In Indian tradition, the eldest son is the successor, but in the RJD, Lalu's younger son, Tejaswi Yadav, has been accepted instead of his elder son, Tej Pratap. Despite this, tensions within the party have increased. Tej Pratap Yadav has been expelled from the RJD. In response, he has formed his own party, the Janshakti Janata Dal. His sister, Rohini Acharya, is sometimes seen supporting Tej Pratap and sometimes indirectly attacking Tejashwi. The power struggle within the RJD is believed to be rooted in Haryana-born Sanjay Yadav, a close associate of Tejashwi Yadav and a Rajya Sabha member of the party. However, in the last Lok Sabha elections, the party was clearly seen trying to appease family members. Rohini Acharya was given the ticket for the Saran Lok Sabha seat, and Misa Bharti for the Pataliputra seat. Tejashwi and Tej Pratap are already members of the Legislative Assembly. Lalu Yadav's eldest daughter, Misa, won the election, while Rohini lost. Misa has remained silent these days, but her displeasure has been surfacing. Such crises often arise in family-centered parties. While family-oriented parties may ostensibly adhere to parliamentary political traditions and decorum, in reality, they are run like private limited companies. The RJD faces a similar situation. However, the RJD is not the only party in this situation. The Samajwadi Party in Uttar Pradesh, the Bharat Rashtra Samithi in Telangana, the YSR Congress in Andhra Pradesh, the Janata Dal-S in Karnataka, the DMK in Tamil Nadu, the Trinamool Congress in Bengal, the Indian National Lok Dal in Haryana, and the Shiromani Akali Dal in Punjab are all family parties. While the formalities of following democratic traditions and election laws are observed, the real center of power remains a family. When the founder of these family parties begins to weaken, a battle for wealth, power, and succession erupts. What is happening in the RJD is a manifestation of this. Like the RJD, family feuds have also erupted in the Bharat Rashtra Samithi, which held power in Telangana for ten years. K. Kavitha, the daughter of party founder K. Chandrashekhar Rao, has been suspended from the party. She has been at odds with her own brother, K.T. Rama Rao, considered Chandrashekhar Rao's successor. His sister Y.S. Sharmila has launched a campaign against Jagan Mohan Reddy, the head of the YSR Congress, which held power in Andhra Pradesh, adjacent to Telangana, for ten years. The family feud within the YSR Congress party is also fueled by family property and power sharing. Disputes over power and property continue within neighboring Tamil Nadu's first political family. K. Karunanidhi established his younger son, M.K. Stalin, as his successor. However, his second son, M.K. Alagiri, did not accept Stalin's patronage. Consequently, the family's succession struggle continued. A property dispute between Kalanidhi Maran and Dayanidhi Maran, sons of Karunanidhi's nephew, Murasoli Maran, recently made national media headlines. The Chautala family in Haryana has been fractured in the political succession battle. A few years ago, a similar property and succession battle erupted within the Samajwadi Party in Uttar Pradesh. Shivpal Yadav was considered the natural successor to SP founder Mulayam Singh Yadav, but in 2012, Mulayam's son, Akhilesh Yadav, assumed power. The subsequent succession battle raged during the latter years of the party's rule, escalating only when Shivpal accepted his nephew's patronage. Another family feud continues within the Apna Dal, another party in Uttar Pradesh. In Maharashtra, Raj Thackeray emerged as the natural successor to Shiv Sena founder Balasaheb Thackeray. However, when it came to handing over the reins, Balasaheb Thackeray trusted his son, Uddhav Thackeray, leading to a battle of succession within the Shiv Sena. In fact, succession battles in family parties often erupt when the founder of the party becomes weak and power slips from his grasp. While voters may adhere to Indian family traditions, they tend to accept as political successors only those whom the head of the political family declares as their successor. Stalin and Akhilesh Yadav are examples of this. Now it remains to be seen whether the people of Bihar will adhere to this tradition or adopt a different approach. However, the possibility of Tej Pratap and Rohini's rebellion impacting the RJD's electoral results has increased.

A Cultural Clash Crisis: Trump Inciting European Countries Against Refugees and Immigrants

It's true that in almost all Western countries, including Britain and the United States, Indian immigrants are portrayed as educated, peaceful, hardworking, and ambitious. However, not all immigrant communities are the same, and the undesirable actions of one or two can turn the tide against the entire community. Therefore, the Indian community needs to be vigilant. The United States is considered one of the founders and patrons of the United Nations. In his address to the UN General Assembly, US President Donald Trump attempted to incite European countries against refugees and immigrants. Assistance to refugees is a key objective of the UN's founding, as it protects human rights. In his address, Trump stated that an army of intruding immigrants is destroying Europe's heritage and that the UN, by providing assistance to refugees, is exacerbating this crisis. It's worth noting that earlier this month, some right-wing groups organized a massive protest in central London, attended by approximately 150,000 people. Clashes broke out between police and protesters, and dozens of police officers were injured. Over a century of immigration has transformed London into a multi-ethnic and multicultural metropolis. Immigrants comprise over 41 percent of the population. In more than ten districts in North-West, East, and Central London, immigrants constitute 55 to 60 percent. The mayor is an immigrant of Pakistani origin. The problem here is the influx of immigrants who cross the English Channel between France and Britain in small boats and canoes. Most of them are from Afghanistan, Iran, Syria, India, Pakistan, Bangladesh, and other African countries. Their numbers rapidly increased during the COVID-19 pandemic, surpassing 45,000 annually, leading to the fall of the Sunak government. Prime Minister Starmer's government's measures did reduce immigration somewhat, but it wasn't enough. Therefore, this government is also faltering. The question arises: why, after such a deep ethnic and cultural mix, is immigration suddenly becoming such a major political issue in Europe and the United States? There are two reasons for this: economic and cultural. In both Europe and America, the economic progress of the common man has slowed over the past two to three decades. First, the information technology revolution and now the computer-aided revolution have increased salaries and profits for businesses, entrepreneurs, and managers, but the salaries of the common man are not keeping pace with rising inflation and expenses. Jobs are rapidly decreasing and changing. Government budget deficits are widening due to rapidly increasing expenditures on education, health, pensions, and welfare. People are angry because governments are unable to meet their aspirations. This anger, generated by limited resources, is being channeled by opportunistic leaders into immigrants, who are easy targets. The other side of this story is that in a society with declining birth rates and rising average ages, the growing demand for working people and new skills for new technologies cannot be met without immigration. Without this, economic development, let alone economic growth, cannot even be sustained. Therefore, immigration is essential for these countries, provided it is well-planned and controlled. The second reason is cultural. British Conservative Party leader Kami Badenoch is an immigrant of Nigerian origin. She said, "Cultural and ethnic diversity can make society healthy and progressive, provided the immigrant community strives to integrate with the host community and its culture. They learn and respect the traditions and culture of the host community along with their own identity and culture. Conflict is inevitable for immigrant communities that fail to do so." She was referring to the increasing number of Sharia courts for the Muslim community. Eighty-four Sharia courts have been established in Britain. Despite this, for nearly two decades, gangs of Pakistani origin continued to lure and abuse British teenage girls in more than a dozen cities, including Oxford. An investigation into this heinous case, known as grooming gangs, revealed that Pakistani gangs considered the attire and openness of British teenage girls a sign of their poor character, justifying their exploitation. Such actions, which view the host society through the lens of its own cultural values, create a foundation for suspicion and hatred towards the entire immigrant community. The investigation also revealed that despite the scandal, no action was taken for decades because the areas where it occurred are considered immigrant vote banks. The government is also responsible for providing food and accommodation to immigrants until a decision on immigration is made. Due to a lack of adequate housing, they have to be housed in hotels. Dozens of London hotels are filled with immigrants awaiting a decision. When people, distressed by cuts to their education, health, and public services, see hotels filled with immigrants, it's natural to feel anger. Furthermore, in an East London hotel, a Somali immigrant attempted to molest a fourteen-year-old English girl and a woman. Enraged by this incident, local residents began protesting to drive the immigrants out of the hotel. Similar protests also began outside hotels in other cities where immigrants were being housed. In London, such incidents This laid the groundwork for massive anti-immigrant protests. It's true that in almost every Western country, including Britain and the United States, Indian immigrants are portrayed as educated, peaceful, hardworking, and ambitious. However, not all immigrant communities are the same, and the undesirable actions of even one or two can turn the tide against the entire community. Therefore, the Indian community needs to be vigilant.

मैट्रिमोनियल साइट पर डॉक्टर बन लाखों की ठगी, नाइजीरियाई सहित तीन अंतरराष्ट्रीय ठग गिरफ्तार

मुरादाबाद पुलिस ने महिलाओं से करोड़ों रुपये ठगने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी नाइजीरियाई निवासी समेत दो नेपाली महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इसी गैंग ने स्थानीय शिक्षिका से 94 लाख की ठगी की थी। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज से शादी का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी ने पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह के मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एम्मानुअल कानू नाइजीरिया का निवासी है और गिरोह का यह सरगना महिलाओं से दोस्ती कर रहने वाला डॉक्टर या व्यवसायी बताकर महंगे कस्टम या कोरियर शुल्क के नाम पर लाखों रुपये ठगी मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बायोडाटा शेयर किया था। इसके कुछ ही समय करने वाले ने खुद को अमेरिका में नौकरी करने कहा कि वह भारतीय युवती से शादी करना चाहता शिक्षिका के लिए अमेरिका से गिफ्ट भेज रहा है। बताया कि पार्सल में सोने की चेन, अमेरिकी पाने के लिए कुछ भुगतान करना होगा। शिक्षिका ने भुगतान किया, तो आरोपी महिला ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर और अधिक रकम ठगनी शुरू कर दी। इस तरह शिक्षिका से कुल 94 लाख की ठगी की गई। अंतरराष्ट्रीय गिरोह की गिरफ्तारी- साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बुधवार को नाइजीरियाई युवक चिनवेके एम्मानुअल कानू और दो नेपाली युवतियों संगीता और ममता को गिरफ्तार किया है। इसके पहले, मणिपुर निवासी कोंसम सुनीता को आठ सितंबर को गिरफ्तार किया जा चुका था। 18 राज्यों की महिलाओं को बनाया शिकार- जांच में पता चला कि यह गिरोह केवल मुरादाबाद तक सीमित नहीं था। देश के 18 राज्यों की महिलाओं को इसका शिकार बनाया गया। इनमें कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल, गुजरात और राजस्थान जैसी राज्य शामिल हैं। अब तक इस गिरोह के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर नौ शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। बरामद सामग्री- गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और नकद बरामद किए हैं। नकदी 47,770 लाख 93 पासबुक और 17 चेकबुक 16 एटीएम कार्ड और 10 मोबाइल फोन तीन पीओएस मशीन 12 आधार कार्ड, 8 पैन कार्ड और 5 सिम कार्ड पुलिस ने दर्ज किया केस साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन डेटिंग, शादी और रिश्तों के प्रस्तावों में पूरी सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध लेन-देन या अनजान व्यक्ति के संपर्क में आने से पहले जांच अवश्य करें।

किया गया है। महिलाओं को वेबसाइट करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पुलिस सरगना सहित तीन अंतरराष्ट्रीय अनुसार, मुख्य आरोपी चिनवेके अवैध रूप से दिल्ली में रह रहा था। विश्वास जीतता और खुद को विदेश में उपहार भेजने का झांसा देता। इसके बाद वसूल करता।शिक्षिका से 94 लाख की एक शिक्षिका ने साइबर ठगी का शिकार उन्होंने शादी वेबसाइट पर अपना बाद उन्हें व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल वाला एमबीबीएस डॉक्टर बताया और है। दो दिन बाद आरोपी ने कहा कि वह इसके बाद एक महिला ने कॉल कर करेंसी और अन्य सामान है, लेकिन इसे

मानसिक रूप से कमजोर किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या, फेंक दी थी लाश, लावारिस में हुआ अंतिम संस्कार

कांठ में मिली उत्तराखंड निवासी की निकली। जांच में पता चला है कि मानसिक रूप से कमजोर किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर उसकी लाश को यहां फेंका गया था। इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया से कमजोर किशोरी की निकली। दुष्कर्म के बाद गया था। इस मामले में उत्तराखंड के उधम सिंह गिरफ्तार किया है। किशोरी 10 सितंबर से लापता रहती है। उसने 29 सितंबर को कुंडा थाना पुलिस में कि वह अपने चार बच्चों के साथ किराये के कमरे कहीं चली गई। वह मानसिक रूप से कमजोर है गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की।उधम सिंह नगर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और पड़ोसियों से थाना कुंडा निवासी इमरान और थाना शेरकोट जिला में लेकर पूछताछ की। मीनाक्षी ने अपना जुर्म स्वीकार साथ ले गई। पांच दिन तक उसे अपनी रिश्तेदार जिले में ले गए जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जब किशोरी वापस घर जाने के लिए जिद करने लगी तो पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में मीनाक्षी, शीला के साथ ही इमरान निवासी ग्राम लालपुर थाना कुंडा, इस्लाम निवासी थाना ठाकुरद्वारा, असगर उर्फ नन्हे निवासी थाना डिलारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जिस जगह किशोरी किराए पर रह रही थी उसके पड़ोस में ही इमरान और मीनाक्षी रहते थे। सभी आरोपी मजदूरी करते हैं। परिजनों को दिखाया कार्रवाई का डर- मानसिक रूप से कमजोर किशोरी 10 सितंबर से घर से गायब थी। आरोपी पड़ोसियों ने उनके परिवार को डराया कि तुम्हारा सत्यापन नहीं हुआ है। यहां किराये के मकान में रह रहे हो। अगर शिकायत करने जाओगे तो जुर्माना भरना पड़ेगा। इस डर से परिवार वाले खुद ही बेटी की तलाश करते रहे। कई दिन बाद भी जब बेटी नहीं मिली, तो उन लोगों ने 29 सितंबर को कुंडा थाना में शिकायत की। बेटी को नहीं दे पाए अंतिम विदाई- नाबालिग बेटी को परिजन आखिरी बार देख तक नहीं पाए। दरअसल, किशोरी की हत्या 19 सितंबर को कर दी गई थी। इसके बाद 22 सितंबर को कांठ में मुरादाबाद पुलिस ने शव बरामद किया था। शव की शिनाख्त के लिए जब कोई नहीं पहुंचा तो पुलिस ने अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, जब कुंडा पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मुरादाबाद पुलिस से संपर्क किया, तब किशोरी की पुष्टि हुई। परिजन आखिरी बार अपनी बेटी को देख तक नहीं पाए। बताया गया कि किशोरी के पिता ने परिवार को छोड़ दिया था जिसके चलते मां अपने बच्चों को लेकर काशीपुर आ गई और यहां मजदूरी करती है।

है।कांठ थाना क्षेत्र में 22 सितंबर को मिली लाश मानसिक रूप हत्या करने के बाद उसकी लाश उत्तराखंड से लाकर यहां फेंका नगर जिले की पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को थी। मूल रूप से बिजनौर निवासी महिला ने कुंडा काशीपुर में अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया था में रहती है। उसकी पुत्री 10 सितंबर को बिना बताए घर से और उसे दौरे भी पड़ते हैं जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि इस मामले में पूछताछ की गई। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले ग्राम लालपुर बिजनौर निवासी मीनाक्षी पर शक हुआ। पुलिस ने उन्हें हिरासत करते हुए बताया कि वह किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने काशीपुर निवासी शीला के यहां रखा। इसके बाद उसे मुरादाबाद

मुरादाबाद जमीन घोटाला: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने नैनीताल में खरीदे फ्लैट, दूसरे कर्मी ने लगवाया पेट्रोल पंप

मुरादाबाद की मायानगर सहकारी आवास समिति के 110 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले की जांच में बड़े खुलासे हुए हैं। तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट में सामने आया कि घोटाले की रकम से कई सदस्य करोड़पति बन गए। किसी ने नैनीताल में फ्लैट खरीदे, किसी ने पेट्रोल पंप लिया, तो किसी ने बेटे को विदेश भेजा। मूल आवंटी अब भी जमीन पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मायानगर सहकारी आवास समिति के जमीन घोटाले की जांच में जैसे-जैसे तीन सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के अनुसार 110 सरकारी विभाग में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने तो समिति के एक अन्य पदाधिकारी ने पेट्रोलपंप खरीद लिए। हैं।मायानगर आवास विकास समिति लिमिटेड मुरादाबाद और सदस्यों ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे कई जमीनें से लेकर लाकड़ी फाजलपुर तक कई भूखंड शामिल हैं। को अपनी जमीन नहीं मिली तो इसी साल लगभग तीन ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। के जिला प्रबंधक को शामिल किया गया। कमेटी ने समिति पूछताछ की। जांच में करीब 110 करोड़ रुपये के घाटाले रकम से कई सदस्यों ने करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली। विदेश में पढ़ने के लिए भेज दिया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली रोड स्थित लगभग तीन बीघा जमीन पर सचिव ने स्वयं कब्जा कर लिया है। कमेटी ने समिति के अध्यक्ष और सचिव को दोषी मानते हुए रिपोर्ट सौंपी है। कीमती जमीन के बदले ले ली दलदल वाली जमीन- जांच रिपोर्ट के अनुसार, मायानगर सहकारी आवास समिति की सर्किट हाउस के सामने अरबों की जमीन थी। इस जमीन पर भूमाफिया की नजर पड़ी तो समिति के सभापति और सचिव से मिलकर फर्जी कागजात तैयार कराए गए। इन्हीं कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जमीन अपने नाम करा ली। इस जमीन पर आवास की जगह कई फैक्टरियां और होटल स्थापित हो गए हैं। कई फैक्टरियां लीज की जमीन पर हैं। इसी कीमती जमीन के बदले समिति ने गागन नदी के किनारे दलदल युक्त 60 बीघा जमीन ली।वर्तमान में सिर्फ दस प्रतिशत लोग ही यहां घर बनाकर रह रहे हैं। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया से पहले समिति ने न तो कोई प्रस्ताव पास किया और न ही निबंधक से अनुमति ली। किसी भी विधिक प्रक्रिया का पालन किए बगैर जमीन हस्तांतरित कर दी गई। मायानगर सहकारी आवास समिति ने अपनी बैलेंस शीट अभी तक प्रस्तुत नहीं की है। मंडल स्तर पर जांच कराई जाएगी कि इस तरह के घोटाले अन्य जिलों में तो नहीं किए गए। इस मामले में विस्तृत जानकारी उच्चाधिकारी ही दे सकते हैं। - सतीश कुमार, जिला प्रबंधक, सहकारी अधिकारी आवास- एसआईटी जांच के आसार- जमीन फर्जीवाड़े मामले की तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट मंडल स्तर से शासन को भेजी गई है। इस मामले में जमीन की खरीद-बिक्री को रोकने, स्पेशल ऑडिट कराने सहित कई बिंदुओं से जांच की संस्तुत की गई है। जमीन फर्जीवाड़े में शासन से इस मामले में एसआईटी गठित होने के आसार हैं। इन लोगों की जमीनों पर किया गया फर्जीवाड़ा- जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि समिति से सचिव और सभापति ने जमीनों का मूल अभिलेख एवं ले आउट गायब होने का बहाना बनाया। समिति ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। शिखा बसु बनाम मायानगर गृह निर्माण समिति के मामले में गलत हलफनामा दिया गया। इस मामले में दस करोड़ की जमीन फर्जीवाड़ा कर ट्रांसफर की गई। सुनील कुमार मल्होत्रा की 175 वर्गमीटर जमीन और एसपी शर्मा की जमीन के मामले में भी फर्जीवाड़ा किया गया। इसी प्रकार उमाशंकर की 175 वर्गमीटर जमीन भी फर्जी वसीयत के आधार पर बेच डाली गई।

परतें खुलती जा रही हैं, चौंकाने वाले नए तथ्य सामने आ रहे हैं। करोड़ के घोटाले की रकम से कई सदस्य करोड़पति बन गए। नैनीताल में कई फ्लैट खरीद लिए। बेटे को विदेश में पढ़ाया। जबकि मूल आवंटी आज भी जमीन पाने के लिए संघर्ष कर रहे का गठन तीन जनवरी 1975 में हुआ था। समिति के पदाधिकारियों बेच डालीं। इस जमीन घोटाले में दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस बरसों बरस यह घोटाला चलता रहा। जब मूल आवंटी शीशपाल महीने पहले उन्होंने कमिश्नर से इसकी शिकायत की। कमिश्नर इसमें अपर आयुक्त प्रशासन, जिला लेखाधिकारी, सहकारी समिति के अध्यक्ष फूलकुंवर और सचिव अजय दुबे सहित कई लोगों से की बात सामने आई है।जांच में सामने आया है कि घोटाले की किसी ने फ्लैट खरीदे तो किसी ने पेट्रोलपंप लगा लिए। बेटे को

संक्षिप्त समाचार

सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क: आई लव मोहम्मद लिखना या पोस्टर लगाना गलत नहीं, दिलों के रावण को भी फूंकना जरूरी

संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि आई लव मोहम्मद लिखना या पोस्टर लगाना किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाता। एक प्रदेश में किए जा रहे मोहम्मद पोस्टर लगाने आस्था को पहुंचनी अल्लाह और

उन्होंने कहा कि दो कानून लागू हैं। आई लव लिखना या से किसी की ठेस नहीं चाहिए। हम मोहम्मद साहब से मोहब्बत करते हैं। इससे दूसरे धर्म के लोगों को दिक्कत क्यों है। यह बात संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कही है। बुधवार को सांसद ने अपने दीपा सराय स्थित आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बरेली में बुलडोजर की कार्रवाई करने की तैयारी है, जबकि यह कार्रवाई गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। इसके बाद भी यूपी शासन पालन नहीं कर रहा है।आगे कहा कि यदि बरेली में बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है तो शाहजहांपुर में मकबरे पर हमला करने वाले आरोपियों के घरों पर भी बुलडोजर चलना चाहिए। सांसद ने कहा कि मैं बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ हूं लेकिन एक प्रदेश में दो तरह की कार्रवाई क्यों की जा रही है। सांसद ने कहा कि रावण के पुतले का दहन हर साल किया जाता है। दिलों से भी रावण को फूंकना पड़ेगा। देश में सभी धर्म के लोग रहते हैं। सभी धर्म के लोगों को खुशी से त्योहार मनाना चाहिए। मुसलमान का तो फर्ज है कि उसका पड़ोसी भी परेशान न रहे। पड़ोसी किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश की तरक्की के लिए काम होना चाहिए। कुछ लोग ही इस देश को बांटना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब पर कहा कि देश के विपक्ष नेता राहुल गांधी को धमकी दी गई है। इस तरह की धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आगे कहा कि आरआरएस की करनी और कथनी में अंतर है। आरआरएस प्रमुख कहते हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर न तलाशा जाए लेकिन उनके संगठन के लोग ही इसको मुद्दा बना रहे हैं।

तालाब की जमीन पर बना अवैध मैरिज हॉल और मदरसे को ढहाया

संभल जिले में बृहस्पतिवार को प्रशासन ने असमोली थाना क्षेत्र के रा या गांव में तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बने एक मैरिज हॉल और मदरसे को ढहा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज़िला प्रशासन ने आरक्षित जमीन पर अवैध रूप से बनी एक मस्जिद से अतिक्रमण हटाने के लिए भी चार दिन का समय दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मस्जिद समिति के सदस्यों ने कथित तौर पर खुद ही तोड़फोड़ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनकी अदालत ने आरक्षित जमीन पर अवैध रूप से बनी मस्जिद को हटाने के साथ-साथ मैरिज हॉल को भी ढहाने का आदेश दिया था। सिंह ने कहा, लगभग 2,300 वर्ग मीटर में बने मैरिज हॉल को ढहा दिया गया है। मस्जिद समिति ने अतिक्रमण हटाने के लिए चार दिन का समय मांगा था, जिसे जिलाधिकारी ने मान लिया। इसके बाद से समिति ने स्वेच्छा से इस ढांचे को गिराना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि कब्जाधारियों को पहले दो नोटिस जारी किए गए थे जिसपर वे कार्यवाही में पेश तो हुए लेकिन लेकिन स्वामित्व के दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि दो सितंबर को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया, जिसके बाद 30 दिनों की मोहलत दी गई। उन्होंने बताया कि मस्जिद लगभग 550 वर्ग मीटर में फैली है।मस्जिद समिति के सदस्य और राया बुजुर्ग गांव के निवासी यासीन ने पुष्टि की कि प्रशासन के साथ चार दिनों के भीतर ज़मीन खाली करने का समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, हमने मस्जिद को स्वयं ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि संबंधित भूमि तालाब क्षेत्र के अंतर्गत आती है। उन्होंने कहा, स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए 30 दिनों का नोटिस दिए जाने के बावजूद, कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद, प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। इलाके में ड्रोन से निगरानी की गई और आस-पास के गांवों में सार्वजनिक घोषणाएं की गईं। उन्होंने बताया कि मैरिज हॉल और मदरसा दोनों को अवैध माना गया तथा अब अतिक्रमण हटाने वाली टीम ने उन्हें हटा दिया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

डिलारी में धू-धू कर जला रावण, अधर्म पर हुई धर्म की विजय

क्यूँ न लिखूँ सच/ डिलारी– न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का

प्रतीक विजय दशमी का पर्व बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह रावण के साथ ही उसके पुत्र मेघनाथ व भाई कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। भगवान श्रीराम ने जैसे ही रावण के पुतला में आग लगाई पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। इसके पूर्व राम-रावण के भयंकर युद्ध का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। मुरादाबाद जिले के डिलारी में मेला स्थानों पर रावण को जलाया गया डिलारी में कई दिनों से चल रही रामलीला के समापन के अवसर पर बृहस्पतिवार को डिलरा चौक के सर्वोदय इंटर कालेज के पीछे रामलीला मैदान में रावण का वध किया गया। विशालकाय दशानन के पुतले में जैसे ही आग लगी पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। अधर्म पर धर्म की इस जीत को देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ी रही। डिलारी में विशालकाय रावण आकर्षण का केंद्र रहा। डिलारी में स्थित रामलीला मैदान में रावण वध देखने के लिए दोपहर लगभग तीन बजे से ही भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम लगभग छ बजे जब भगवान श्रीराम और दशानन के बीच युद्ध शुरू हुआ तो रामलीला मैदान में पांव रखने भर की जगह नहीं बची थी। राम-रावण युद्ध के बीच-बीच में जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। भगवान राम ने जैसे ही रावण के नाभिकुंड में तीर मारा तो रावण का विशालकाय पुतला धू-धू कर जलने लगा। रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकरण का भी पुतला दहन किया गया। युद्ध का शुभारंभ भगवान राम की आरती-पूजन के बाद हुआ। आरती में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित डिलारी आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सतवान सिंह , उपप्रबंधक राकेश सिंह फौजी, संचालक हीरा सिंह , उप संचालक रोतास सिंह हरि ओम सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, मेघराज सिंह, गजेंद्र सिंह, आदि सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र अधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष कुमार साथ डिलारी पुलिस प्रशासन भरी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहा। साथ ही मेले का भी आयोजन किया गया जहां पर बच्चो और महिलाओ ने जमकर खरीददारी की और बच्चो ने झूले और चांट पकोड़ी का भरपूर आन्नद उठाया।

परिजनों का गंभीर आरोप, दो दिन तक कमरे में लटका रहा शव; हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही

आईआईटी के बीटेक छात्र धीरज सैनी की आत्महत्या के बाद गुरुवार को परिजनों ने आईआईटी प्रबंधन पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने दो दिन बाद जानकारी दी है।कानपुर में आईआईटी के बीटेक छात्र धीरज सैनी की आत्महत्या के मामले परिजनों ने गुरुवार को आईआईटी प्रबंधन पर जांच की मांग करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार को वीडियोग्राफी के बीच उसका पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद सब लेकर परिजन हरियाणा स्थित महेंद्रगढ़ के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम हाउस

पहुंचे धीरज सैनी के ताऊ सत्येंद्र का कहना था कि मेरा बच्चा बहुत आरक्षित प्रकृति का था। अपने काम से ही मतलब रखता था। दो दिन बाद आईआईटी प्रबंधन ने फोन कर उनके बच्चे की आत्महत्या की जानकारी दी, जो कितनी बड़ी लापरवाही है। घटना सुनते ही मानो, तो शरीर ने काम करना बंद कर दिया हो। किसी तरह कानपुर पहुंचे यह दिल ही जानता है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले धीरज के चाचा संदीप ने उससे फोन पर बात की थी। संदीप फल की रेहड़ी लगाकर बच्चे की पढ़ाई का खर्च उठाते थे।धीरज के संघर्ष का किया जिक्र पिता सतीश हलवाई का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि धीरज ने छठवीं से हाईस्कूल तक उसने हरियाणा के हैप्पी स्कूल से पढ़ाई की। वहां उसकी तीन लाख फीस जमा न होने पर स्कूल प्रबंधन ने उसकी हाईस्कूल की सर्टिफिकेट रोक ली थी। किसी तरह चाचा संदीप ने लोगों से उधार लेकर 1.50 लाख रुपये स्कूल में जमा किए थे। तब उसकी सर्टिफिकेट स्कूल प्रबंधन ने दी थी। उन्होंने धीरज के संघर्ष का जिक्र करते हुए बताया कि धीरज शुरू से ही मेधावी था। बदहवास मां को नहीं दी गई है सूचना-सोचा था कि यह परिवार की गरीबी को दूर करेगा। इंटर करने के बाद वह खुद उसे राजस्थान, सीकर लेकर गया था। यहां कोचिंग करने बाद आईआईटी कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर में एडमिशन हुआ था। बुधवार को फोन आया, तो पता चला कि दो दिन से शव उसके कमरे में लटका हुआ था। कहा कि उनका बच्चा तो चला गया, लेकिन आईआईटी प्रबंधन को हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के रूम में 24 घंटे के भीतर एक बार जाकर देखना चाहिए कि सब कुछ ठीक है कि नहीं। इस घटना ने पूरे परिवार का सपना ही तोड़ दिया। अच्छा एथलीट था, क्रिकेट का भी था शौक ताऊ का कहना था कि आखिरी बार वह मई में घर आया था। वह बहुत ही अच्छा एथलीट था, पढ़ाई के अलावा उसे क्रिकेट का शौक था। वह आईआईटी क्रिकेट टीम का वाइस कैप्टन भी था।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

जंगल में युवक और युवती के क्षत-विक्षत शव मिले, पुलिस को पास में मिला ये सामान

यूपी के कानपुर देहात में युवक और युवती के क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस छानबीन में जुट गई।कानपुर देहात में मूसानगर थाना क्षेत्र के किशवा दुरौली के जंगलों में गुरुवार दोपहर युवक और

युवती के क्षत-विक्षत शव मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मृतक युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी, जबकि युवती की पहचान नहीं हुई। खेतों की ओर गए किसानों ने शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को एक पानी भरे खेत में युवक और कुछ दूरी पर युवती का शव मिला। पुलिस ने शवों के पास से जहरीले पदार्थ की चार पुड़िया व दो गिलास बरामद किए। फॉरेंसिक टीम ने नमूने संकलित किए। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थानाध्यक्ष कालीचरन ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने जेब में पड़े आधार से मृतक युवक की शिनाख्त जरी खरतला थाना राजपुर के उमाकान्त (22) पुत्र महावीर के रूप में हुई। थाना राजपुर को सूचना दे दी गई है। युवती की पहचान नहीं हो सकी है। बताया कि देखने में प्रतीत होता है कि पहले दोनों ने जहर खाया और पास में गिर गए। जंगली जानवर युवक के शव को थोड़ी दूरी पर घसीटकर ले गए। शव चार से पांच दिन पुराने लग रहे हैं। सीओ संजय सिंह ने बताया कि युवती का शव सड़ने के साथ क्षत विक्षत होने से पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टता प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है

लखनऊ एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात जवान ने किया सुसाइड, रात नौ बजे निकला था ड्यूटी करने

जवान विक्रम सिंह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थित एटीसी उपकरण सुरक्षा में ड्यूटी करता था। जवान धर्मपाल जब सुबह उसे रिलीव करने पहुंचा तो विक्रम

का शव लटकता मिला।राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर इलाके में बुधवार रात एक होमगार्ड जवान ने ड्यूटी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इटावा जिले के चौबिया थानान्तर्गत करई गांव निवासी होमगार्ड जवान विक्रम सिंह (45) अपनी पत्नी नेहा सिंह के साथ सरोजनीनगर के नवीन गौरी में किराए के मकान में रहता था। विक्रम लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थित एटीसी उपकरण सुरक्षा में ड्यूटी करता था। वह बुधवार रात 9 बजे ड्यूटी करने गया था।गुरुवार सुबह दूसरा होमगार्ड जवान धर्मपाल रिलीव करने पहुंचा तो सुरक्षा चौकी परिसर का गेट अंदर से बंद मिला। धर्मपाल के काफी देर तक आवाज लगाने पर भी दूसरी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। तब उसने गेट से झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गए। विक्रम सुरक्षा चौकी में टीन शेड के पाइप से रस्सी के सहारे लटका था। यह दृश्य देख धर्मपाल ने अपने अधिकारियों के साथ ही पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्दर से बन्द गेट का ताला तोड़कर विक्रम को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि विक्रम ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

स्वयंसेवक होने पर गव...., गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्र निर्माण में आरएसएस की भूमिका को सराहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर इसकी सराहना करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ता हमेशा सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित रहे हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर कहा कि संगठन के कार्यकर्ता हमेशा सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित रहे हैं। शाह ने स्वयं को गौरवान्वित स्वयंसेवक बताते हुए कहा कि आरएसएस ने अपने 100 वर्षों में शीर्ष नेतृत्व से लेकर जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ताओं तक कई व्यक्तित्वों को आकार दिया है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा, विश्व के

